श्री रविन्द्र सिंह चौहान, कम्पनी कमाण्डर

श्री शशि शेखर शर्मा, प्लाटून कमाण्डर

स्व. श्री केवल सिंह, स्वयं सेवक

स्व. श्री भवानी सिंह, स्वयं सेवक

प्रेस नोट

गृह मंत्रालय, भारत सरकार नई दिल्ली द्वारा 72वां गणतन्त्र दिवस 2021 की पूर्व संध्या पर प्रदेश के 2 गृह रक्षा स्वयं सेवकों को **गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा वीरता पदक की घोषणा की गई।** बोर्डर होमगार्ड स्वयं सेवक **स्व. श्री केवल सिंह** ने बलदेवगढ, सरिस्का, अलवर में ड्यूटी पर तैनाती के दौरान **अवैध खनन बजरी माफिया से संघर्ष करते हुए दिनांक 26 जुलाई 2020 को अपनी जान की परवाह नही करते हुए कर्तव्य के पथ पर अपने प्राणों की आहुति देकर सर्वोत्तम बलिदान दिया** एवं बोर्डर होमगार्ड स्वयं सेवक **स्व. श्री भवानी सिंह** द्वारा जयपुर सर्किल, दौसा ड्यूटी पर तैनाती के दौरान **अवैध खनन बजरी माफिया को अवैध खनन से रोकते हुए दिनांक 17 सितम्बर 2020 को अपनी जान की परवाह किये बिना संघर्ष किया** एवं इस दौरान वह वीरगति को प्राप्त हुए इन दोनों को **मरणोपरान्त गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा वीरता पदक से** सम्मानित किया गया।

इसके अतिरिक्त गृह रक्षा विभाग के कर्मचारियों द्वारा विभाग में की गई सराहनीय सेवा के लिए **श्री रविन्द सिंह चौहान,** कम्पनी कमाण्डर एवं **श्री शशि शेखर शर्मा,** प्लाटून कमाण्डर को **राष्ट्रपति गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा सराहनीय सेवा पदक,** से सम्मानित किया गया।

होमगार्ड **डी. जी. यू.आर. साहू** द्वारा अवगत कराया गया कि विभाग को **सन् 1988 एवं 1996 में भी** क्रमशः **श्री कृपा शंकर, स्वयं सेवक** एवं **श्री राधे श्याम पाण्डे, स्वयं सेवक** को भी **गृह रक्षा एवं नागरिक सुरक्षा वीरता पदक** से सम्मानित किया गया था और **एक बार पुनः 24 वर्ष पश्चात 02 स्वयं सेवकों को** जिनके द्वारा अपने कर्तव्य मार्ग पर चलते हुए अपने प्राणों की आहुति दी गई उन्हें इस **वीरता पदक** से सम्मानित किया गया है। हम सभी सदैव इनके कृतज्ञ रहेंगे व उनके इस बलिदान को याद रखेंगे। इस प्रकार राजस्थान के स्वयं सेवकों एवं अधिकरियों/कर्मचारियों के मनोबल में वृद्धि हुई है एवं विभाग की महत्तवता बढी है। **महानिदेशक द्वारा सम्मानित कर्मचारियों एवं स्वयं सेवकों की भूरि—भूरि प्रंशसा की गई।**